INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-1**
PERIODIC TEST – I (2018-19)
HINDI

CLASS: VI **MAX.MARKS: 20**
DATE: 20 /05/2018 **DURATION: 45 MIN**

सामान्य निर्देश: 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, जहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है, वह उसकी जन्मभूमि कहलाती है। वहाँ से उसे स्वाभाविक लगाव हो जाता है। वहाँ सभी लोग उसके जाने -पहचाने हो जाते हैं। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सबका रहन-सहन भी एक-सा होता है। ऐसी दशा में, वहाँ के लोगों से उसकी ममता होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे, कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने के लिए उत्सुक रहता है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिस देश में हमने जन्म लिया है, जिसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन-पोषण हुआ है, उसके प्रति प्रेम और उसके प्रति समर्पित होने की भावना रखना हमारा कर्तव्य है।

(क) किस स्थान से मनुष्य का स्वाभाविक लगाव होता है?
(ख) जन्मभूमि के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?
(ग) 'जन्म' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
(घ) जन्मभूमि किसे कहते है?

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए। (2)
(क)उज्जवल (ख) चाहिये (ग) छेत्र (घ) उपलक्ष

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । (2)
(क) तुम तुम्हारे बारे में क्या सोचते हो?
(ख) रिया को शीतल गन्ने का रस दो।

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा पदों को छाँटकर उनके भेद लिखिए । (2)
(क) आज बहुत सरदी है।
(ख) मेरी गुड़िया बहुत सुंदर है।

प्रश्न 5. 'यकायक' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) मुँहबोली (ख) सयाना (ग) हिफ़ाजत (घ) आहिस्ता

प्रश्न 7. ' बदलाव ' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(क) केशव और श्यामा से चिड़िया के अंडों की रक्षा की जगह नादानी कैसे हो गई?

(ख) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी?

(ग) चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

(घ) 'नादान दोस्त' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है?

समाप्त

.

INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-2**
PERIODIC TEST – I (2018-19)
HINDI

CLASS: VI **MAX.MARKS : 20**
DATE : 20/05/2018 **DURATION: 45 MIN**

सामान्य निर्देश : 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है ।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, जहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है, वह उसकी जन्मभूमि कहलाती है। वहाँ से उसे स्वाभाविक लगाव हो जाता है। वहाँ सभी लोग उसके जाने -पहचाने हो जाते हैं। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सबका रहन-सहन भी एक-सा होता है। ऐसी दशा में, वहाँ के लोगों से उसकी ममता होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे, कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने के लिए उत्सुक रहता है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिस देश में हमने जन्म लिया है, जिसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन-पोषण हुआ है, उसके प्रति प्रेम और उसके प्रति समर्पित होने की भावना रखना हमारा कर्तव्य है।

(क) अपनी जन्मभूमि के लोगों से ममता होना क्यों स्वाभाविक हो जाता है?
(ख) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ किसे कहा गया है?
(ग) जन्मभूमि के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?
(घ) 'अच्छा' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 2.निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए। (2)
(क) अलौलिक (ख) स्वाथ्य (ग) लछमी (घ) स्थाई

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (2)
(क) मेरे को भारत जाना है।
(ख) मोहन को ठंडे फ्रिज का पानी दो।

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा पदों को छाँटकर उनके भेद लिखिए । (2)
(क) आज बहुत गरमी है।
(ख) मेरी चिड़िया बहुत सुंदर है।

प्रश्न 5. 'गर्व ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) कंठ (ख) यकायक (ग) आश्वासन (घ) उधेड़बुन

प्रश्न 7. 'मनाही' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(क) चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?
(ख) केशव और श्यामा आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?
(ग) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा?
(घ) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

समाप्त